Title: Need to allow export of agricultural products to neighbouring countries.

श्री राम सजीवन (बांदा) देश में गेहूं, प्याज आदि कृि उत्पादन के क्षेत्रों में किसानों को वाजिब मूल्य नहीं मिलने के कारण तबाही के कगार पर पहुंच गये हैं। एक तरफ किसानों को खेती के काम आने वाले खाद, बीज, बिजली, पानी, डीजल, कृि यंत्र और कीटनाशक दवाइयां मंहगे दामों में खरीदने पड़ते हैं तो दूसरी तरफ खेती की पैदावार के सरकार द्वारा घोित दाम भी नहीं मिलते हैं। सरकार ने गेहूं आदि कृि, उपज के न्यूनतम रेट निर्धारित किए हैं और किसानों को अत्यधिक गिरते दामों की मार से बचाने के लिए वादा किया है, स्कीम चला रखी है। किंतु, उसको लागू करने के सफल परिणाम नजर नहीं आ रहे हैं।

अतः आलू, प्याज आदि को निर्यात की पूरी छूट प्रदान की जाये। बंगलादेश, नेपाल आदि पड़ौसी देशों में निर्यात करने पर लगी रोक तुरन्त हटाई जाये, जिससे ये उपज बाहरी देशों को भेजी जा सकें और किसानों को वाजिब मूल्य मिलने की आशा बन सके। गेंहू के किसानों को वाजिब और सरकारी घोित मूल्य दिलाने के लिए विदेशों से गेंहू के समय समय पर आयात करने की नीति बंद की जाये। किसानों को गेहूं के घोित दाम दिलाये जायें।